दिनांक : 28.02.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विज्ञान भवन, भोपाल में आयोजित "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्टेम एजुकेशन" का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों और मॉडल्स का अवलोकन कर उनकी रचनात्मकता व वैज्ञानिक सोच की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार के लिए साईंस सिटी पर काम हो रहा है।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आज प्रदेश में 250 से अधिक स्थानों पर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में वैज्ञानिक, शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं विज्ञान-प्रौद्योगिकी तथा नवाचार से संबंधित लोग शामिल होंगे।

मध्यप्रदेश - जहरीला कचरा

मध्य प्रदेश सरकार आज भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के जहरीले कचरे को जलाने की परीक्षण प्रक्रिया शुरू कर रही है। यूनियन कार्बाइड के कचरे को इंदौर के पास पीथमपुर में एक निजी संयंत्र में ले जाया गया है। 56 दिनों की तैयारी के बाद, कल कचरे वाले पांच

कंटेनरों को पीथमपुर साइट पर खोला गया। कचरे को नष्ट करने की परीक्षण प्रक्रिया कई चरणों में होगी।

वेव्स सम्मेलन

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट-वेव्स 'वेव्स एक्सप्लोरर चैलेंज' के माध्यम से रचनाकारों और कहानीकारों को यूट्यूब शॉर्ट्स बनाकर भारत के बारे में बताने का एक अवसर प्रदान कर रहा है। इसकी सामग्री मौलिक होनी चाहिए और विशेष रूप से इस प्रतियोगिता के लिए बनाई गई होनी चाहिए। ब्लॉग के लिए अधिकतम अवधि सात मिनट है, जबकि शॉर्ट फॉर्म वीडियो के लिए यह एक मिनट है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय की साझेदारी में इंटरनेट और मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित, यह प्रतियोगिता क्रिएट इन इंडिया चैलेंज का हिस्सा है। ये वेव्स के तहत एक प्रमुख पहल है, यह सम्मेलन पहली मई से 4 मई जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन, मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में रात को ठंड का अहसास और दिन में तेज गर्मी जारी है। आने वाले दिनों में दिन-रात का तापमान बढ़ेगा। वहीं मार्च के पहले सप्ताह में बादल छाने और हल्की बारिश होने के भी आसार हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 2 मार्च से पश्चिम-उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। जिसका असर प्रदेश में भी देखने को मिल सकता है। खासकर 4 मार्च से इंदौर, ग्वालियर, चंबल हिस्से में

कहीं-कहीं मौसम बदला हुआ रह सकता है। इन दिनों कई शहरों में तापमान 2 से 4 डिग्री तक बढ़ गया। पचमढ़ी में 10.2 डिग्री, कल्याणपुर में 10.3 डिग्री, शाजापुर के गिरवर में 11.2 डिग्री तक दर्ज किया गया।

समाचार संक्षेप में –

- शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत पात्र परिवारों को निशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि समस्त पात्र हितग्राहियों को 4 मार्च तक सम्बंधित उचित मूल्य की दुकान पर जाकर अपना ईकेवायसी कराएं।
- धार में विश्व सतत ऊर्जा दिवस के अवसर पर जिले की ग्राम पंचायत फरसपुरा में दूर-दराज 14 फलियों में निवासरत 380 जरुरतमंद आदिवासी परिवारों को सोलर होम लाइट, 51 परिवारों को सोलर इन्सेक्ट ट्रैप और सिंचाई हेतु 16 इकाई सोलर वाटर पंप प्रदान किए गए।
- सिंगरौली में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की भर्ती में हुई धांधली के मामले में जबलपुर सीबीआई ने NCL सिंगरौली के दो बड़े अफसरों पर एफआईआर दर्ज की है। इन अफसरों पर भर्ती प्रक्रिया का पालन नहीं करने का आरोप है।
- महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में आज दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

....